Class - VIII

Chapter - 22

श्रम का महत्व (Lower Hindi)

* शब्दार्थ लिखिए -

1. मौखिक

क) किसान कहाँ रहता था?
→ किसान एक गाँव में रहता था।

ख) हरिदत्त पढ़ने के लिए कहाँ जाता था?
→ हरिदत्त पढ़ने के लिए पड़ोस के नगर में जाता था।

ग) पाठशाला में हरिदत्त की मित्रता किससे हुई?
→ पाठशाला में हरिदत्त की मित्रता एक सेठ के लड़के रघुरूप से हुई।

घ) रघुरूप के वस्त्र कैसे होते थे?
→ रघुरूप के वस्त्र सुंदर होते थे।

2. लिखित

क) हरिदत्त ने अपने पिता से क्या कहा?
→ हरिदत्त ने अपने पिता से यह कहा कि पिताजी हम दिन-रात परिश्रम करते हैं, परंतु फिर भी रघुरूप हमसे स्वादिष्ट

Date........
Page........

भोजन खाता है और अच्छे वस्त्र पहनता है।

ख) किसान ने हरिदत्त को कैसे समझाया?

> किसान ने हरिदत्त को यह कहकर समझाया कि बेटा, संतोष का परिधान सबसे सुंदर और परिश्रम की आय का भोजन सबसे स्वादिष्ट होता है।

ग) शिक्षा पूरी करने के पश्चात् सेठ का पुत्र रघुरूप क्या करने लगा?

> शिक्षा पूरी करने के पश्चात् सेठ का पुत्र रघुरूप व्यापार करने लगा।

घ) हरिदत्त भी शिक्षा ग्रहण करने के पश्चात् कौन-सा कार्य करने लगा?

> हरिदत्त भी शिक्षा ग्रहण करने के पश्चात् अपने पिता के साथ खेती में ही हाथ बँटाने लगा।

3. किसने – किससे कहा?

	किसने	किससे
(क) "पिता जी, हम दिन-रात परिश्रम करते हैं, परंतु फिर भी रघुरूप हमसे स्वादिष्ट भोजन खाता है और अच्छे वस्त्र पहनता है।"	हरिदत्त ने	अपने पिताजी से कहा।
(ख) "बेटा, तुम पढ़े-लिखे हो। जाओ, इसे नगर में बेच आओ।"	हरिदत्त के पिताजी ने	हरिदत्त से कहा।

4. निम्नलिखित रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए-

(क) रघुरूप सुंदर-सुंदर ......वस्त्र...... पहनकर पाठशाला आता।

(ख) सेठ का पुत्र ......व्यापार...... करने लगा, परंतु हरिदत्त के निकट ......धन...... न था।

(ग) रघुरूप की पत्नी ने हरिदत्त को बढ़िया ......भोजन...... दिया।

परियोजना

- विद्यार्थी इस कहानी को एकांकी रूप में अभिनय करके कक्षा में दिखाएँ।
- कक्षा में आपका प्रिय मित्र कौन है? उसमें क्या-क्या विशेषताएँ हैं? चर्चा कीजिए।